

सचिन ने अपने करियर को बखूबी संभाला

## सचिन तेंडुलकर की विनम्रता उन्हें सबसे अलग करती हैः वकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सचिन तेंडुलकर ने 24 साल के अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर में कई रेकॉर्ड बनाए होंगे लेकिन एक चीज जो उन्हें सबसे अलग बनाती है वह उनकी विनम्रता है। यह कहना है कि पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वकार यूनिस का।
यूनिस ने कहा, तेंडुलकर सिर्फ एक महान खिलाड़ी ही नहीं हैं बल्कि एक महान इनसान भी हैं। मेरे कहने का मतलब है कि आप उनके टेस्ट और वनडे रेकॉर्ड एक ओर रखें, एक इंसान के तौर पर भी वह शानदार हैं। उनकी विनम्रता के कारण ही सभी उम्र के लोग उन्हें पसंद करते हैं।
यह संयोग की बात है कि सचिन और वकार दोनों ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत 1989 में कराची में खेले गए टेस्ट मैच से की थी। और तो और वकार ने तेंडुलकर को मैच की पहली पारी में बोल्ड किया था। और इसी के साथ दोनों खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा की शुरुआत हुई।
दोनों के बीच मुकाबले को लेकर वकार ने कहा कि 2003 वर्ल्ड कप में सचिन की 98 रनों की पारी शानदार थी। 274 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने मैच छह विकेट से जीता था। सचिन ने शुरुआत में ही वसीम अकरम, शोएब अख्तर और खुद वकार की गेंदबाजी पर जमकर स्ट्रोक खेले थे।

पाकिस्तानी टीम के पूर्व कोच ने यह भी कहा कि सचिन ने अपने करियर को बखूबी संभाला। उन्होंने कहा, वह काफी विनम्र इनसान हैं और हर किसी ने मैदान पर उन्हें खेलते और कामयाबियां हासिल करते हुए देखा है। कुल मिलाकर जिस तरह से उन्होंने अपने करियर को संभाला उसके लिए आप उन्हें पूरे अंक देंगे।

# जब भी होगा टी20 वर्ल्ड कप फैंस देखेंगे लाइव

## प्रशंसकों को भी स्टेडियम में लाइव मैच देखने से रोका नहीं जायेगा

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) निक होकले ने शनिवार को कहा कि अगर टी20 विश्व कप के लिये 15 टीमों को देश में प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है तो प्रशंसकों को भी स्टेडियम में लाइव मैच देखने से रोका नहीं जायेगा। होकले ने केविन रोबर्ट्स की जगह ली जिन्हें हाल में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने निकाल दिया था जो वित्तीय परेशानियों से जूझ रहा है।

कोविड–19 महामारी के कारण टी20 विश्व कप के इस साल के अंत में आयोजन के लिए अलग–अलग संभावनाओं को ढूंढा जा रहा है जिसमें से एक में इस टूर्नामेंट की मेजबानी खाली स्टेडियम में करना भी है। लेकिन होकले ने कहा कि दर्शकों को अनुमति दी



जाएगी, हालांकि अभी खिलाड़ियों, अधिकारियों और सहयोगी स्टाफ के साथ 15 टीमों की मेजबानी करना 'पेचीदा' लग रहा है जिससे संकेत मिलता है कि आईसीसी के टूर्नामेंट को स्थगित किया जा सकता है।

होकले ने जब पूछा गया कि क्या वह दर्शकों के बिना विश्व कप को होते हुए देखना चाहेंगे तो उन्होंने क्रिकेट डॉट कॉम डॉ एयू से कहा, 'सच्चाई यह है कि हाल के हफ्तों में हमने इसके बारे में ज्यादा चीजें समझी हैं और इसके अनुसार अंतरराष्ट्रीय यात्रा से पहले दर्शकों के आने की संभावना अधिक है। हमारी सबसे बड़ी चुनौती देश में 15 टीमों को लाने की है।' उन्होंने कहा, 'अगर मैं इसकी तुलना किसी द्विपक्षीय दौरे से करूं तो आप सिर्फ एक टीम को लाने की बात करते हो और फिर मैच खेलते हो। लेकिन 15 टीमों को लाने की संभावना और साथ ही एक शहर में एक ही समय में छह या सात टीमों का होना, यह काफी ज्यादा पेचीदा मामला है।' जब उनसे विशेष रूप से पूछा गया कि सीमाओं के खुलने पर अगर 15 टीमों को ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करने की अनुमति दी जाए, इसके बाद दर्शकों को अनुमति दी जाएगी तो उन्होंने कहा, 'जी, हम यही सोच रहे हैं।'

गौरतलब है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन अर्ल एडिंग्स ने स्वीकार किया कि कोरोना वायरस महामारी के बीच इस साल टी20 विश्व कप का आयोजन 'अवास्तविक' है क्योंकि 16 टीमों का यहां आ पाना संभव नहीं होगा। अक्टूबर–नवंबर में होने वाले टूर्नामेंट के बारे में आईसीसी को फैसला लेना है। कोरोना महामारी के कारण कई देशों में यात्रा पाबंदियां लागू हैं। एडिंग्स ने वीडियो कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैं तो यही कहूंगा कि यह मुश्किल है।

# सौरभ गांगुली के परिवार के सदस्य कोरोना वायरस पॉजिटिवः रिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व कैप्टन और बीसीसीआई के मौजूदा अध्यक्ष सौरभ गांगुली के परिवार के सदस्य कोविड–19 पॉजिटिव पाए गए हैं। सौरभ गांगुली के बड़े भाई और क्रिकेट असोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) के सचिव स्नेहाशीष गांगुली इस घातक वायरस से संक्रमित मिले, जो जानकारी राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने दी।

इसके अलावा, स्नेहाशीष की पत्नी भी वायरस से संक्रमित हो गई हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पिछले हफ्ते स्नेहाशीष के ससुर और ससुर भी वायरस से संक्रमित पाए गए थे।

बिजनस इनसाइडर इंडिया ने एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले



से लिखा, चारों ने स्वास्थ्य संबंधी शिकायत की जो सभी लक्षण कोविड–19 संक्रमण की तरह की थे, जब वे बेहाला में गांगुली के पैतृक घर के बजाय किसी दूसरी जगह रह रहे थे।

टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद परिवार के चारों सदस्यों को एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती किया गया। नर्सिंग होम के सूत्रों ने कहा, उन्हें छुट्टी दी जाएगी या नहीं, यह टेस्ट रिपोर्ट पर निर्भर करता है। इससे पहले गांगुली ने कहा था कि जब वायरस खत्म हो जाएगा तो क्रिकेट बहाल होगा। कोरोना वायरस के कारण भारतीय क्रिकेट और इससे जुड़ी गतिविधियों पर फिलहाल ब्रेक लगा हुआ है। इतना ही नहीं , प्रतिष्ठित टी20 लीग आईपीएल को भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया है।

## कैसे धोनी की सलाह पर मिला था ग्लेन मैक्सवेल का विकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल कमाल के गेंदबाज हैं और उन्होंने अहम मौकों पर इसे साबित भी किया है। चहल ने बताया कि साल 2017 में किस तरह पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की सलाह मानने से उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को अपनी गेंदबाजी से परेशान किया था।
चहल ने अपने टीम साथियों कुलदीप यादव और मयंक अग्रवाल के साथ बीसीसीआई टीवी पर एक चौट शो में हिस्सा लिया। इस दौरान चहल ने धोनी से जुड़ी एक घटना को याद किया जिससे उन्हें मैक्सवेल के खिलाफ बेहतर गेंदबाजी में मदद मिली। ऑस्ट्रेलिया ने साल 2017 में पांच मैचों की वनडे और तीन मैचों की टी20 सीरीजके लिए भारत का दौरा किया था। उस सीरीज को याद करते हुए चहल ने मयंक के सवाल पर बताया कि उन्होंने धोनी के साथ मैक्सवेल को स्टंप से बाहर गेंद फेंकने की योजना बनाई क्योंकि यह ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज शॉट मारना पसंद करता है। उस सीरीज के तीसरे वनडे का जिक्र करते हुए चहल ने कहा, श्मैंने माही भाई की सलाह पर उन्हें स्टंप से बाहर गेंद फेंकने की योजना बनाई।

## न्यूज डायरी



### भारतीय हॉकी टीमों को मिला एक महीने का ब्रेक, कई खिलाड़ी लौटे घर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों के खिलाड़ियों को एक महीने का ब्रेक दिया गया है ताकि वह होमटाउन जाकर अपने–अपने परिवार के साथ कुछ समय बिता सकें। कोरोना महामारी की वजह से ये सभी खिलाड़ी तकरीबन तीन महीने बेंगलुरु के साई सेंटर में फंसे थे। छुट्टी मिलने के बाद टीम के ज्यादातर खिलाड़ी अपने–अपने घरों के लिए रवाना हो गए। हॉकी इंडिया ने बताया कि ब्रेक के दौरान सभी खिलाड़ियों को सरकारी दिशा–निर्देशों का पालन करना होगा। कुछ सप्ताह पहले खेलमंत्री किरण रिजीजू से ऑनलाइन बातचीत में कई खिलाड़ियों ने कहा था कि उन्हें घर की याद आ रही है। पुरुष टीम के गोलकीपर सूरज करकेरा और महिला टीम की वंदना कटारिया, सुशीला चानू और लालरेमसियामी के अलावा सभी खिलाड़ी अपने–अपने घर लौट गए। सूरज के होमटाउन मुंबई में स्थिति अच्छी नहीं है इसलिए वह सेंटर में ही रुक गए।

### टेनिसः यूएस ओपन के आयोजक व्हीलचेयर स्पर्धा पर करेंगे विचार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट यूएस ओपन के आयोजकों ने कहा है कि वह इस साल का कार्यक्रम जारी करने से पहले व्हीलचेयर खिलाड़ियों से बात कर सकते थे। आयोजकों ने साथ ही कहा है कि वह अपने फैसले पर विचार कर रहे हैं। अमेरिका टेनिस संघ (यूएसटीए) ने शुक्रवार को व्हीलचेयर टेनिस नेतृत्व से बात की और कहा है कि यूएस ओपन का कार्यक्रम जारी करने से पहले उन्हें व्हीलचेयर खिलाड़ियों के साथ मिलकर काम करना चाहिए था। यूएस ओपन का आयोजन 31 अगस्त से 13 सितंबर के बीच में होना है। यूएसटीए ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक बयान पोस्ट कर लिखा, 'यूएसटीए खिलाड़ियों और आईटीएफ के साथ मिलकर व्हीलचेयर स्पर्धा के लिए संभावित विकल्पों पर काम करने को तैयार है।' उन्होंने कहा, 'यूएसटीए खिलाड़ियों से उनका फीडबैक मांगेगी और आईटीएफ के साथ मिलकर 2020 संस्करण में व्हीलचेयर स्पर्धा को लेकर काम करेगी।'

### माफी के बाद बैडमिंटन संघ ने खेल रत्न के लिए श्रीकांत का नाम भेजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन संघ ने शुक्रवार को किदाम्बी श्रीकांत का नाम खेल रत्न पुरस्कार के लिए भेज दिया जिन्होंने एक टूर्नामेंट से बीच में से हटने के लिए माफी मांग ली थी जबकि अर्जुन पुरस्कार के लिए नाम नहीं भेजे जाने पर महासंघ की आलोचना करने वाले एच एस प्रणॉय को कारण बताओ नोटिस दिया है। श्रीकांत और प्रणॉय दोनों फरवरी में मनीला में एशियाई टीम चौम्पियनशिप का सेमीफाइनल नहीं खेले थे। दोनों एक दूसरा टूर्नामेंट खेलने बार्सीलोना चले गए थे। भारत सेमीफाइनल हार गया था लेकिन टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहा। अनुशासनात्मक आधार पर बैडमिंटन संघ ने दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत और 28वें नंबर के खिलाड़ी प्रणॉय का नाम क्रमशः खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार के लिए नहीं भेजा।

### पूर्व बांग्लादेशी क्रिकेटर नफीस इकबाल कोविड–19 टेस्ट में पॉजिटिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश के पूर्व क्रिकेटर और वनडे टीम के कप्तान तमीम इकबाल के बड़े भाई नफीस इकबाल कोरोना वायरस की जांच में पॉजिटिव पाए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई है। नफीस इकबाल ने 2003 में बांग्लादेश के लिए पदार्पण किया था लेकिन 2006 के बाद राष्ट्रीय टीम से बाहर हो गए। 'द डेली स्टार' अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, नफीस ने खुद पुष्टि की है कि वह इस वायरस से संक्रमित हुए हैं और इस समय वह चटगांव में घर में अलग रह रहे हैं। 34 साल के इस खिलाड़ी ने बांग्लादेश के लिए 11 टेस्ट और 16 वनडे खेले। पिछले महीने बांग्लादेश के डेवलपमेंट कोच और पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर अशफिकुर रहमान कोविड–19 पॉजिटिव पाए गए थे।